**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : XDTG–F–GST** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या** 1952941

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र—I

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि **OMR** उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न लिखें**।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

**सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note*** **: English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

**1.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. झेलम नदी, वुलर झील से होकर जाती है।
2. कृष्णा नदी सीधे कोल्लेरू झील का भरण करती है।
3. गंडक नदी के विसर्पण से काँवर झील निर्मित हुई है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* सभी तीन
*(d)* कोई भी नहीं

**2.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **पत्तन (पोर्ट)** | **जिस रूप में सुविख्यात है** |
|---|---|---|
| 1. | कामराजर पोर्ट | : भारत में एक कम्पनी के रूप में पंजीकृत सबसे पहला प्रमुख पत्तन |
| 2. | मुंद्रा पोर्ट | : भारत में निजी स्वामित्व वाला सबसे बड़ा पत्तन |
| 3. | विशाखापत्तनम पोर्ट | : भारत में सबसे बड़ा आधान पत्तन (कंटेनर पोर्ट) |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल एक युग्म
*(b)* केवल दो युग्म
*(c)* सभी तीन युग्म
*(d)* कोई भी युग्म नहीं

**3.** निम्नलिखित वृक्षों पर विचार कीजिए :

1. कटहल *(आर्टोकार्पस हेटेरोफाइलस)*
2. महुआ *(मधुका इंडिका)*
3. सागौन *(टेक्टोना ग्रैन्डिस)*

उपर्युक्त में से कितने पर्णपाती वृक्ष हैं?

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* सभी तीन
*(d)* कोई भी नहीं

**4.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. चीन की तुलना में भारत के पास अधिक कृषियोग्य क्षेत्र है।
2. चीन की तुलना में भारत में सिंचित क्षेत्र का अनुपात अधिक है।
3. चीन की तुलना में भारत की कृषि में प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादकता अधिक है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक
*(b)* केवल दो
*(c)* सभी तीन
*(d)* कोई भी नहीं

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, समुद्र स्तर में पुनरावर्ती गिरावट का सर्वोत्तम उदाहरण है, जिससे वर्तमान समय की सुविस्तृत कच्छभूमि उत्पन्न हुई है?

*(a)* भीतरकनिका गरान (मैन्ग्रोव)
*(b)* मरक्कनम लवण बेसिन
*(c)* नौपाड़ा अनूप
*(d)* कच्छ का रण

**6.** भारत के कतिपय तटीय क्षेत्रों में, प्रचुर मात्रा में उपलब्ध इल्मेनाइट और रूटाइल निम्नलिखित में से किसके समृद्ध स्रोत हैं?

*(a)* ऐलुमिनियम
*(b)* ताम्र
*(c)* लोह
*(d)* टाइटेनियम

**7.** संसार का लगभग तीन-चौथाई कोबाल्ट, जो विद्युत् मोटर वाहनों की बैटरी के निर्माण के लिए आवश्यक धातु है, किस देश द्वारा उत्पादित किया जाता है?

*(a)* अर्जेन्टीना
*(b)* बोत्सवाना
*(c)* कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डेमोक्रैटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो)
*(d)* कज़ाख़िस्तान

**1.** Consider the following statements :

1. Jhelum River passes through Wular Lake.
2. Krishna River directly feeds Kolleru Lake.
3. Meandering of Gandak River formed Kanwar Lake.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**2.** Consider the following pairs :

| *Port* | | *Well known as* |
|---|---|---|
| 1. Kamarajar Port | : | First major port in India registered as a company |
| 2. Mundra Port | : | Largest privately owned port in India |
| 3. Visakhapatnam Port | : | Largest container port in India |

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* Only one pair

*(b)* Only two pairs

*(c)* All three pairs

*(d)* None of the pairs

**3.** Consider the following trees :

1. Jackfruit (*Artocarpus heterophyllus*)
2. Mahua (*Madhuca indica*)
3. Teak (*Tectona grandis*)

How many of the above are deciduous trees?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**4.** Consider the following statements :

1. India has more arable area than China.
2. The proportion of irrigated area is more in India as compared to China.
3. The average productivity per hectare in Indian agriculture is higher than that in China.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**5.** Which one of the following is the best example of repeated falls in sea level, giving rise to present-day extensive marshland?

*(a)* Bhitarkanika Mangroves

*(b)* Marakkanam Salt Pans

*(c)* Naupada Swamp

*(d)* Rann of Kutch

**6.** Ilmenite and rutile, abundantly available in certain coastal tracts of India, are rich sources of which one of the following?

*(a)* Aluminium

*(b)* Copper

*(c)* Iron

*(d)* Titanium

**7.** About three-fourths of world's cobalt, a metal required for the manufacture of batteries for electric motor vehicles, is produced by

*(a)* Argentina

*(b)* Botswana

*(c)* the Democratic Republic of the Congo

*(d)* Kazakhstan

8. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, कांगो बेसिन का भाग है?

(a) कैमरून

(b) नाइजीरिया

(c) दक्षिण सूडान

(d) युगांडा

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अमरकंटक पहाड़ियाँ विन्ध्य और सह्याद्रि श्रेणियों के संगम पर हैं।
2. बिलीगिरिरंगन पहाड़ियाँ सतपुड़ा श्रेणी के सबसे पूर्वी भाग हैं।
3. शेषाचलम पहाड़ियाँ पश्चिमी घाट के सबसे दक्षिणी भाग हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

10. भारत की कनेक्टिविटी परियोजनाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के अधीन पूर्व-पश्चिम गलियारा (कॉरिडोर), डिब्रूगढ़ और सूरत को जोड़ता है।
2. त्रिपक्षीय राजमार्ग मणिपुर में मोरेह को, म्यांमार से होते हुए, थाईलैंड में चियांग माई से जोड़ता है।
3. बांग्लादेश-चीन-भारत-म्यांमार आर्थिक गलियारा (कॉरिडोर) उत्तर प्रदेश में वाराणसी को चीन में कुनमिंग से जोड़ता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

भारत, अपने पास यूरेनियम निक्षेप (डिपॉजिट) होने के बावजूद, अपने अधिकांश विद्युत् उत्पादन के लिए कोयले पर निर्भर करता है।

कथन–II :

विद्युत् उत्पादन के लिए कम-से-कम 60% तक समृद्ध (एनरिच्ड) यूरेनियम का होना आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

(b) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

(d) कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

शिशुधानी-स्तनी (मार्सूपियल) प्राकृतिक रूप से भारत में नहीं होते।

कथन–II :

शिशुधानी-स्तनी केवल परभक्षी-रहित पर्वतीय घास-स्थलों में ही पनप सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

(b) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

(d) कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**8.** Which one of the following is a part of the Congo Basin?

*(a)* Cameroon

*(b)* Nigeria

*(c)* South Sudan

*(d)* Uganda

**9.** Consider the following statements :

1. Amarkantak Hills are at the confluence of Vindhya and Sahyadri Ranges.
2. Biligirirangan Hills constitute the easternmost part of Satpura Range.
3. Seshachalam Hills constitute the southernmost part of Western Ghats.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**10.** With reference to India's projects on connectivity, consider the following statements :

1. East-West Corridor under Golden Quadrilateral Project connects Dibrugarh and Surat.
2. Trilateral Highway connects Moreh in Manipur and Chiang Mai in Thailand via Myanmar.
3. Bangladesh-China-India-Myanmar Economic Corridor connects Varanasi in Uttar Pradesh with Kunming in China.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**11.** Consider the following statements :

Statement–I :
India, despite having uranium deposits, depends on coal for most of its electricity production.

Statement–II :
Uranium, enriched to the extent of at least 60%, is required for the production of electricity.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**12.** Consider the following statements :

Statement–I :
Marsupials are not naturally found in India.

Statement–II :
Marsupials can thrive only in montane grasslands with no predators.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

13. 'संक्रामक (इन्वेसिव) जीव-जाति (स्पीशीज़) विशेषज्ञ समूह' (जो वैश्विक संक्रामक जीव-जाति डेटाबेस विकसित करता है) निम्नलिखित में से किस एक संगठन से संबंधित है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर)

(b) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूनाइटेड नेशंस एन्वाइरनमेंट प्रोग्राम)

(c) संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण एवं विकास पर विश्व आयोग (यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड कमीशन फॉर एन्वाइरनमेंट ऐंड डेवेलपमेंट)

(d) प्रकृति के लिए विश्वव्यापी निधि (वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर)

14. निम्नलिखित प्राणिजात पर विचार कीजिए :

1. सिंह-पुच्छी मकाक
2. मालाबार सिवेट
3. सांभर हिरण

उपर्युक्त में से कितने आमतौर पर रात्रिचर हैं या सूर्यास्त के बाद अधिक सक्रिय होते हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

15. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव अपने सगे-संबंधियों को अपने खाद्य के स्रोत की दिशा और दूरी इंगित करने के लिए दोलन नृत्य (वैगल डांस) करता है?

(a) तितली

(b) व्याध पतंग (ड्रैगनफ्लाई)

(c) मधुमक्खी

(d) बर्र

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कुछ छत्रकों (मशरूमों) में औषधीय गुण होते हैं।
2. कुछ छत्रकों में मनःप्रभावी (साइकोऐक्टिव) गुण होते हैं।
3. कुछ छत्रकों में कीटनाशी गुण होते हैं।
4. कुछ छत्रकों में जैव संदीप्तिशील (बायोल्युमिनिसेंट) गुण होते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

17. भारतीय गिलहरियों के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वे भूमि में बिल बनाकर अपने नीड़ का निर्माण करती हैं।
2. वे अपने भोज्य पदार्थों, जैसे कि दृढ़फलों (नट) और बीजों को भूमि के अंदर जमा करती हैं।
3. वे सर्वभक्षी होती हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

**13.** 'Invasive Species Specialist Group' (that develops Global Invasive Species Database) belongs to which one of the following organizations?

*(a)* The International Union for Conservation of Nature

*(b)* The United Nations Environment Programme

*(c)* The United Nations World Commission for Environment and Development

*(d)* The World Wide Fund for Nature

**14.** Consider the following fauna :

1. Lion-tailed Macaque
2. Malabar Civet
3. Sambar Deer

How many of the above are generally nocturnal or most active after sunset?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**15.** Which of the following organisms perform waggle dance for others of their kin to indicate the direction and the distance to a source of their food?

*(a)* Butterflies

*(b)* Dragonflies

*(c)* Honeybees

*(d)* Wasps

**16.** Consider the following statements :

1. Some mushrooms have medicinal properties.
2. Some mushrooms have psycho-active properties.
3. Some mushrooms have insecticidal properties.
4. Some mushrooms have biolumi-nescent properties.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**17.** Consider the following statements regarding the Indian squirrels :

1. They build nests by making burrows in the ground.
2. They store their food materials like nuts and seeds in the ground.
3. They are omnivorous.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**18.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कुछ सूक्ष्मजीव जल के क्वथनांक से ऊपर के तापमान वाले वातावरण में पनप सकते हैं।
2. कुछ सूक्ष्मजीव जल के हिमांक से नीचे के तापमान वाले वातावरण में पनप सकते हैं।
3. कुछ सूक्ष्मजीव 3 से कम pH वाले अत्यंत अम्लीय वातावरण में पनप सकते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**19.** निम्नलिखित में से कौन, किसी वृक्ष या लकड़ी के लट्ठे में बने छिद्र में से कीटों को खुरचने के लिए लकड़ी का औज़ार बनाता है?

*(a)* मत्स्यन मार्जार (फिशिंग कैट)

*(b)* ओरैंगउटैन

*(c)* ऊदबिलाव

*(d)* स्लॉथ बियर

**20.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. ऐरोसॉल
2. फोम एजेंट
3. अग्निमंदक
4. स्नेहक (लूब्रिकेंट)

उपर्युक्त में से कितनों को बनाने में हाइड्रोफ्लुओरोकार्बन प्रयुक्त होते हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**21.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

आधारिक संरचना निवेश न्यासों (InvITs) में जमा (डिपॉजिट) से हुई ब्याज की आय, जो उनके निवेशकों में वितरित की जाती है, कर से छूट प्राप्त है, किन्तु लाभांश करयोग्य है।

कथन–II :

'वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' के अधीन InvITs को ऋणी के रूप में मान्यता प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**22.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

कोविड विश्वमारी के बाद के हाल के विगत काल में, पूरे विश्व में अनेक केन्द्रीय बैंकों ने ब्याज दरें बढ़ा दी थीं।

कथन–II :

आमतौर पर केन्द्रीय बैंक मानते हैं कि उनके पास बढ़ती हुई उपभोक्ता कीमतों का, मौद्रिक नीति के उपायों से, प्रतिकार करने की सामर्थ्य है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**18.** Consider the following statements :

1. Some microorganisms can grow in environments with temperature above the boiling point of water.
2. Some microorganisms can grow in environments with temperature below the freezing point of water.
3. Some microorganisms can grow in highly acidic environment with a pH below 3.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**19.** Which one of the following makes a tool with a stick to scrape insects from a hole in a tree or a log of wood?

*(a)* Fishing cat

*(b)* Orangutan

*(c)* Otter

*(d)* Sloth bear

**20.** Consider the following :

1. Aerosols
2. Foam agents
3. Fire retardants
4. Lubricants

In the making of how many of the above are hydrofluorocarbons used?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**21.** Consider the following statements :

Statement–I :

Interest income from the deposits in Infrastructure Investment Trusts (InvITs) distributed to their investors is exempted from tax, but the dividend is taxable.

Statement–II :

InvITs are recognized as borrowers under the 'Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002'.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**22.** Consider the following statements :

Statement–I :

In the post-pandemic recent past, many Central Banks worldwide had carried out interest rate hikes.

Statement–II :

Central Banks generally assume that they have the ability to counteract the rising consumer prices via monetary policy means.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

ऐसी संभावना है कि कार्बन बाज़ार, जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक सबसे व्यापक साधन हो जाए।

कथन–II :

कार्बन बाज़ार संसाधनों को प्राइवेट सेक्टर से राज्य को हस्तांतरित कर देते हैं।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

(b) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

(d) कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

24. भारतीय रिज़र्व बैंक की निम्नलिखित में से किस एक गतिविधि को 'बंध्यकरण (स्टेरिलाइजेशन)' के एक भाग के रूप में माना जाता है?

(a) 'खुला बाज़ार कार्रवाई' का संचालन

(b) निपटारा और भुगतान प्रणालियों की निगरानी

(c) केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के लिए ऋण एवं रोकड़ प्रबंधन

(d) गैर-बैंक वित्तीय संस्थानों के कार्यों का विनियमन

25. निम्नलिखित बाज़ारों पर विचार कीजिए :

1. सरकारी बॉन्ड बाज़ार
2. शीघ्रावधि द्रव्य बाज़ार (कॉल मनी मार्केट)
3. कोषपत्र बाज़ार (ट्रेज़री बिल मार्केट)
4. स्टॉक बाज़ार

पूँजी बाज़ार में, उपर्युक्त में से कितने शामिल हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

26. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, 'लघु कृषक बड़े खेत' की संकल्पना का सर्वोत्तम वर्णन है?

(a) युद्ध के कारण अपने देशों से बड़ी संख्या में विस्थापित लोगों का, एक बड़ी खेतीयोग्य जमीन देकर, जिसमें वे सामूहिक खेती कर उपज को आपस में बाँटते हैं, पुनःस्थापन करना

(b) किसी क्षेत्र के अनेक सीमांत कृषक अपने आपको समूहों में व्यवस्थित कर चुनिन्दा कृषि संक्रियाओं में समकालन और संगति लाते हैं

(c) किसी क्षेत्र के अनेक सीमांत कृषक मिलकर किसी निगमित निकाय के साथ संविदा कर अपनी जमीन उस निगमित निकाय को किसी नियत अवधि के लिए दे देते हैं, जिसके लिए वह निगमित निकाय कृषकों को एक सहमत राशि का भुगतान करता है

(d) कोई कम्पनी किसी क्षेत्र के कुछ संख्या में लघु कृषकों को ऋण, तकनीकी जानकारियाँ और सामग्री की निविष्टियाँ प्रदान करती है, ताकि वे कंपनी की विनिर्माण प्रक्रिया और वाणिज्यिक उत्पादन के लिए उसकी जरूरत के कृषि-पण्य का उत्पादन करें

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत सरकार काले तिल [ नाइजर *(गुइज़ोटिया एबिसिनिका)* ] के बीजों के लिए न्यूनतम समर्थन कीमत उपलब्ध कराती है।
2. काले तिल की खेती खरीफ की फसल के रूप में की जाती है।
3. भारत के कुछ जनजातीय लोग काले तिल के बीजों का तेल भोजन पकाने के लिए प्रयोग में लाते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

**23.** Consider the following statements :

Statement–I :

Carbon markets are likely to be one of the most widespread tools in the fight against climate change.

Statement–II :

Carbon markets transfer resources from the private sector to the State.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**24.** Which one of the following activities of the Reserve Bank of India is considered to be part of 'sterilization'?

*(a)* Conducting 'Open Market Operations'

*(b)* Oversight of settlement and payment systems

*(c)* Debt and cash management for the Central and State Governments

*(d)* Regulating the functions of Non-banking Financial Institutions

**25.** Consider the following markets :

1. Government Bond Market
2. Call Money Market
3. Treasury Bill Market
4. Stock Market

How many of the above are included in capital markets?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**26.** Which one of the following best describes the concept of 'Small Farmer Large Field'?

*(a)* Resettlement of a large number of people, uprooted from their countries due to war, by giving them a large cultivable land which they cultivate collectively and share the produce

*(b)* Many marginal farmers in an area organize themselves into groups and synchronize and harmonize selected agricultural operations

*(c)* Many marginal farmers in an area together make a contract with a corporate body and surrender their land to the corporate body for a fixed term for which the corporate body makes a payment of agreed amount to the farmers

*(d)* A company extends loans, technical knowledge and material inputs to a number of small farmers in an area so that they produce the agricultural commodity required by the company for its manufacturing process and commercial production

**27.** Consider the following statements :

1. The Government of India provides Minimum Support Price for niger (*Guizotia abyssinica*) seeds.
2. Niger is cultivated as a Kharif crop.
3. Some tribal people in India use niger seed oil for cooking.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**28.** निम्नलिखित परिसंपत्तियों में निवेशों पर विचार कीजिए :

1. ब्रांड पहचान
2. माल-सूची
3. बौद्धिक संपदा
4. ग्राहकों की डाक-सूची

उपर्युक्त में से कितने अमूर्त निवेश माने जाते हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**29.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. जनांकिकीय निष्पादन
2. वन और पारिस्थितिकी
3. शासन सुधार
4. स्थिर सरकार
5. कर एवं राजकोषीय प्रयास

समस्तर कर-अवक्रमण के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग ने उपर्युक्त में से कितने को जनसंख्या क्षेत्रफल और आय के अंतर के अलावा निकष के रूप में प्रयुक्त किया?

*(a)* केवल दो

*(b)* केवल तीन

*(c)* केवल चार

*(d)* सभी पाँच

**30.** निम्नलिखित आधारिक संरचना क्षेत्रकों पर विचार कीजिए :

1. किफायती आवास
2. सर्वसाधारण द्रुत परिवहन (मास रैपिड ट्रांसपोर्ट)
3. स्वास्थ्य देखभाल
4. पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा

उपर्युक्त में से कितनों पर यू० एन० ओ० पी० एस० आधारिक संरचना और नवाचार में धारणीय निवेश पहल [ सस्टेनेबल इन्वेस्टमेंट्स इन इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐंड इनोवेशन (S3i) ] अपने निवेशों के लिए ध्यान केन्द्रित करता है?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**31.** सारभूत रूप में, 'विधि की सम्यक् प्रक्रिया' का अभिप्राय क्या है?

*(a)* नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत

*(b)* विधि द्वारा स्थापित पद्धति

*(c)* विधि की निष्पक्ष प्रयुक्ति

*(d)* विधि के समक्ष समता

**32.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

भारत में, दैनंदिन जेल-प्रशासन के लिए, जेलों का अनुरक्षण राज्य सरकारें अपने नियमों और विनियमों से करती हैं।

कथन–II :

भारत में, जेल का नियंत्रण जेल अधिनियम, 1894 द्वारा किया जाता है, जिससे जेल का विषय स्पष्ट रूप से प्रांतीय सरकारों के नियंत्रण में रहा।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन किसी देश के 'संविधान' के **मुख्य** प्रयोजन को सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करता है?

*(a)* यह आवश्यक विधियों के निर्माण के उद्देश्य का निर्धारण करता है।

*(b)* यह राजनीतिक पदों और सरकार के सृजन को सुकर बनाता है।

*(c)* यह सरकार की शक्तियों को परिभाषित और सीमाबद्ध करता है।

*(d)* यह सामाजिक न्याय, सामाजिक समता और सामाजिक सुरक्षा को प्रतिभूत करता है।

**28.** Consider the investments in the following assets :

1. Brand recognition
2. Inventory
3. Intellectual property
4. Mailing list of clients

How many of the above are considered intangible investments?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**29.** Consider the following :

1. Demographic performance
2. Forest and ecology
3. Governance reforms
4. Stable government
5. Tax and fiscal efforts

For the horizontal tax devolution, the Fifteenth Finance Commission used how many of the above as criteria other than population area and income distance?

*(a)* Only two

*(b)* Only three

*(c)* Only four

*(d)* All five

**30.** Consider the following infrastructure sectors :

1. Affordable housing
2. Mass rapid transport
3. Health care
4. Renewable energy

On how many of the above does UNOPS Sustainable Investments in Infrastructure and Innovation (S3i) initiative focus for its investments?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**31.** In essence, what does 'Due Process of Law' mean?

*(a)* The principle of natural justice

*(b)* The procedure established by law

*(c)* Fair application of law

*(d)* Equality before law

**32.** Consider the following statements :

Statement–I :
In India, prisons are managed by State Governments with their own rules and regulations for the day-to-day administration of prisons.

Statement–II :
In India, prisons are governed by the Prisons Act, 1894 which expressly kept the subject of prisons in the control of Provincial Governments.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**33.** Which one of the following statements best reflects the **Chief** purpose of the 'Constitution' of a country?

*(a)* It determines the objective for the making of necessary laws.

*(b)* It enables the creation of political offices and a government.

*(c)* It defines and limits the powers of government.

*(d)* It secures social justice, social equality and social security.

**34.** भारत में, निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन के लिए व्यापक रूप से यह माना गया है कि उसे मूल अधिकारों की न्यायिक व्याख्या को अधिभूत करने के लिए अधिनियमित किया गया?

(a) पहला संशोधन
(b) 42वाँ संशोधन
(c) 44वाँ संशोधन
(d) 86वाँ संशोधन

**35.** भारत के निम्नलिखित संगठनों/निकायों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
3. राष्ट्रीय विधि आयोग
4. राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग

उपर्युक्त में से कितने सांविधानिक निकाय हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

**36.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यदि भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा शून्य घोषित कर दिया जाता है, तो ऐसे विनिश्चय की तिथि से पूर्व राष्ट्रपति के पद के कर्तव्यों के निष्पादन में राष्ट्रपति के द्वारा किए गए सभी कृत्य अविधिमान्य हो जाते हैं।
2. भारत के राष्ट्रपति के पद के लिए निर्वाचन इस आधार पर मुल्तवी किया जा सकता है कि कुछ विधान-सभाएँ विघटित हो गई हैं और उनके निर्वाचन अभी होने शेष हैं।
3. कोई विधेयक भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत किए जाने पर, संविधान द्वारा विहित की गई समय-सीमा के अंदर राष्ट्रपति को अपनी अनुमति देनी होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई भी नहीं

**37.** भारतीय संसद में वित्त विधेयक और धन विधेयक के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जब लोक सभा वित्त विधेयक को राज्य सभा में भेजती है, तो राज्य सभा उस विधेयक को संशोधित या अस्वीकृत कर सकती है।
2. जब लोक सभा धन विधेयक को राज्य सभा में भेजती है, तो राज्य सभा उस विधेयक को संशोधित या अस्वीकृत नहीं कर सकती, वह केवल अनुशंसाएँ कर सकती है।
3. लोक सभा और राज्य सभा के बीच असहमति होने पर, धन विधेयक के लिए कोई संयुक्त बैठक नहीं होती, किन्तु वित्त विधेयक के लिए संयुक्त बैठक आवश्यक होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई भी नहीं

**38.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

एक बार यदि केन्द्र सरकार किसी क्षेत्र को 'समुदाय प्रारक्षित' अधिसूचित कर देती है, तो

1. राज्य का मुख्य वन्यजीव वार्डन ऐसे वन का नियंत्रक प्राधिकारी बन जाता है
2. ऐसे क्षेत्र में शिकार की अनुमति नहीं होती
3. ऐसे क्षेत्र के लोगों को गैर-इमारती लकड़ी वनोत्पाद को संग्रह करने की अनुमति होती है
4. ऐसे क्षेत्र के लोगों को पारंपरिक कृषि प्रथाओं की अनुमति होती है

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

**34.** In India, which one of the following Constitutional Amendments was widely believed to be enacted to overcome the judicial interpretations of the Fundamental Rights?

*(a)* 1st Amendment

*(b)* 42nd Amendment

*(c)* 44th Amendment

*(d)* 86th Amendment

**35.** Consider the following organizations/ bodies in India :

1. The National Commission for Backward Classes
2. The National Human Rights Commission
3. The National Law Commission
4. The National Consumer Disputes Redressal Commission

How many of the above are constitutional bodies?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**36.** Consider the following statements :

1. If the election of the President of India is declared void by the Supreme Court of India, all acts done by him/her in the performance of duties of his/her office of President before the date of decision become invalid.
2. Election for the post of the President of India can be postponed on the ground that some Legislative Assemblies have been dissolved and elections are yet to take place.
3. When a Bill is presented to the President of India, the Constitution prescribes time limits within which he/she has to declare his/her assent.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**37.** With reference to Finance Bill and Money Bill in the Indian Parliament, consider the following statements :

1. When the Lok Sabha transmits Finance Bill to the Rajya Sabha, it can amend or reject the Bill.
2. When the Lok Sabha transmits Money Bill to the Rajya Sabha, it cannot amend or reject the Bill, it can only make recommendations.
3. In the case of disagreement between the Lok Sabha and the Rajya Sabha, there is no joint sitting for Money Bill, but a joint sitting becomes necessary for Finance Bill.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**38.** Consider the following statements :

Once the Central Government notifies an area as a 'Community Reserve'

1. the Chief Wildlife Warden of the State becomes the governing authority of such forest
2. hunting is not allowed in such area
3. people of such area are allowed to collect non-timber forest produce
4. people of such area are allowed traditional agricultural practices

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**39.** भारत में 'अनुसूचित क्षेत्र' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी राज्य के भीतर, किसी क्षेत्र की अनुसूचित क्षेत्र के रूप में अधिसूचना राष्ट्रपति के एक आदेश के माध्यम से होती है।
2. अनुसूचित क्षेत्र के रूप में बनने वाली सबसे बड़ी प्रशासकीय इकाई जिला होता है और सबसे छोटी इकाई ब्लॉक में गाँवों का समूह होता है।
3. संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपेक्षित है कि वे राज्यों के अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के विषय में केन्द्रीय गृह मंत्रालय को वार्षिक प्रतिवेदन दें।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**40.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

भारत के उच्चतम न्यायालय ने अपने कतिपय निर्णयों में यह विचारण किया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अधीन बनाई गई आरक्षण नीतियाँ प्रशासन की दक्षता को बनाए रखने के लिए अनुच्छेद 335 द्वारा सीमित होंगी।

कथन–II :

भारत के संविधान का अनुच्छेद 335 'प्रशासन की दक्षता' पद को परिभाषित करता है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**41.** धान्यकटक, जो महासांघिकों के अधीन एक प्रमुख बौद्ध केन्द्र के रूप में समृद्ध हुआ, निम्नलिखित में से किस एक क्षेत्र में अवस्थित था?

*(a)* आंध्र

*(b)* गांधार

*(c)* कलिंग

*(d)* मगध

**42.** प्राचीन भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्तूप की संकल्पना मूलतः बौद्ध संकल्पना है।
2. स्तूप आमतौर पर अवशेषों का निक्षेपागार होता था।
3. बौद्ध परंपरा में स्तूप एक संकल्प-अर्पित या स्मारक संरचना होती थी।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**43.** प्राचीन दक्षिण भारत के संदर्भ में, कोरकई, पूमपुहार और मुचीरि किस रूप में सुविख्यात थे?

*(a)* राजधानी नगर

*(b)* पत्तन

*(c)* लोह और इस्पात निर्माण के केन्द्र

*(d)* जैन तीर्थंकरों के चैत्य

**39.** With reference to 'Scheduled Areas' in India, consider the following statements :

1. Within a State, the notification of an area as Scheduled Area takes place through an Order of the President.
2. The largest administrative unit forming the Scheduled Area is the District and the lowest is the cluster of villages in the Block.
3. The Chief Ministers of the concerned States are required to submit annual reports to the Union Home Ministry on the administration of Scheduled Areas in the States.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**40.** Consider the following statements :

Statement–I :

The Supreme Court of India has held in some judgements that the reservation policies made under Article 16(4) of the Constitution of India would be limited by Article 335 for maintenance of efficiency of administration.

Statement–II :

Article 335 of the Constitution of India defines the term 'efficiency of administration'.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**41.** In which one of the following regions was Dhanyakataka, which flourished as a prominent Buddhist centre under the Mahasanghikas, located?

*(a)* Andhra

*(b)* Gandhara

*(c)* Kalinga

*(d)* Magadha

**42.** With reference to ancient India, consider the following statements :

1. The concept of Stupa is Buddhist in origin.
2. Stupa was generally a repository of relics.
3. Stupa was a votive and commemorative structure in Buddhist tradition.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**43.** With reference to ancient South India, Korkai, Poompuhar and Muchiri were well known as

*(a)* capital cities

*(b)* ports

*(c)* centres of iron-and-steel making

*(d)* shrines of Jain Tirthankaras

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, संगम कविताओं में यथावर्णित 'वटकिरुतल' की प्रथा को स्पष्ट करता है?

(a) राजाओं द्वारा महिला अंगरक्षिकाओं को नियुक्त करना

(b) राजदरबारों में विद्वानों का, धर्म और दर्शन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करने हेतु, एकत्र होना

(c) किशोरियों द्वारा कृषि-क्षेत्रों की निगरानी करना और चिड़ियों तथा पशुओं को भगाना

(d) युद्ध में पराजित राजा का आमरण अनशन कर आनुष्ठानिक मृत्युवरण करना

**45.** निम्नलिखित साम्राज्यों पर विचार कीजिए :

1. होयसल
2. गहड़वाल
3. काकतीय
4. यादव

उपर्युक्त में से कितने साम्राज्यों ने अपने राज आद्य आठवीं शताब्दी ईस्वी में स्थापित किए?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) किसी ने नहीं

**46.** प्राचीन भारतीय इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | साहित्यिक कृति | रचनाकार |
|---|---|---|
| 1. | *देवीचंद्रगुप्त* | : बिल्हण |
| 2. | *हम्मीर-महाकाव्य* | : नयचंद्र सूरि |
| 3. | *मिलिंद-पन्ह* | : नागार्जुन |
| 4. | *नीतिवाक्यामृत* | : सोमदेव सूरि |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

**47.** "आत्मा केवल जंतु और पादप जीवन की संपदा नहीं है, बल्कि शिलाओं, प्रवाहित जलधाराओं और अन्य अनेक प्राकृतिक वस्तुओं की भी है, जिन्हें अन्य धार्मिक संप्रदाय जीवित नहीं मानते।"

उपर्युक्त कथन प्राचीन भारत के निम्नलिखित में से किस एक धार्मिक संप्रदाय के एक मूलभूत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है?

(a) बौद्ध परंपरा

(b) जैन परंपरा

(c) शैव परंपरा

(d) वैष्णव परंपरा

**48.** विजयनगर साम्राज्य के इनमें से किस एक शासक ने तुंगभद्रा नदी पर एक विशाल बाँध निर्मित किया और नदी से राजधानी नगर तक कई किलोमीटर लंबी एक नहर और कुल्या का निर्माण किया?

(a) देवराय प्रथम

(b) मल्लिकार्जुन

(c) वीर विजय

(d) विरूपाक्ष

**49.** मध्यकालीन गुजरात के इनमें से किस एक शासक ने दियु को पुर्तगालियों के सुपुर्द कर दिया?

(a) अहमद शाह

(b) महमूद बेगढ़ा

(c) बहादुर शाह

(d) मुहम्मद शाह

**50.** निम्नलिखित में से किस एक ऐक्ट द्वारा बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत के गवर्नर जनरल के रूप में अभिहित किया गया था?

(a) रेगुलेटिंग ऐक्ट

(b) पिट्स इंडिया ऐक्ट

(c) 1793 का चार्टर ऐक्ट

(d) 1833 का चार्टर ऐक्ट

**44.** Which one of the following explains the practice of 'Vattakirutal' as mentioned in Sangam poems?

(a) Kings employing women bodyguards

(b) Learned persons assembling in royal courts to discuss religious and philosophical matters

(c) Young girls keeping watch over agricultural fields and driving away birds and animals

(d) A king defeated in a battle committing ritual suicide by starving himself to death

**45.** Consider the following dynasties :

1. Hoysala
2. Gahadavala
3. Kakatiya
4. Yadava

How many of the above dynasties established their kingdoms in early eighth century AD?

(a) Only one

(b) Only two

(c) Only three

(d) None

**46.** With reference to ancient Indian History, consider the following pairs :

| | *Literary work* | *Author* |
|---|---|---|
| 1. | *Devichandragupta* | : Bilhana |
| 2. | *Hammira-Mahakavya* | : Nayachandra Suri |
| 3. | *Milinda-panha* | : Nagarjuna |
| 4. | *Nitivakyamrita* | : Somadeva Suri |

How many of the above pairs are correctly matched?

(a) Only one

(b) Only two

(c) Only three

(d) All four

**47.** "Souls are not only the property of animal and plant life, but also of rocks, running water and many other natural objects not looked on as living by other religious sects."

The above statement reflects one of the core beliefs of which one of the following religious sects of ancient India?

(a) Buddhism

(b) Jainism

(c) Shaivism

(d) Vaishnavism

**48.** Who among the following rulers of Vijayanagara Empire constructed a large dam across Tungabhadra River and a canal-cum-aqueduct several kilometres long from the river to the capital city?

(a) Devaraya I

(b) Mallikarjuna

(c) Vira Vijaya

(d) Virupaksha

**49.** Who among the following rulers of medieval Gujarat surrendered Diu to Portuguese?

(a) Ahmad Shah

(b) Mahmud Begarha

(c) Bahadur Shah

(d) Muhammad Shah

**50.** By which one of the following Acts was the Governor General of Bengal designated as the Governor General of India?

(a) The Regulating Act

(b) The Pitt's India Act

(c) The Charter Act of 1793

(d) The Charter Act of 1833

**51.** जननी सुरक्षा योजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह राज्यों के स्वास्थ्य विभागों की एक सुरक्षित मातृत्व की योजना है।
2. इसका उद्देश्य गरीब गर्भवती महिलाओं में मातृ तथा नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।
3. इसका लक्ष्य गरीब गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसव को बढ़ावा देना है।
4. इसके उद्देश्यों में एक वर्ष की आयु तक के बीमार बच्चों को लोक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना शामिल है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**52.** एनीमिया मुक्त भारत रणनीति के अंतर्गत की जा रही व्यवस्थाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसमें स्कूल जाने से पूर्व के (प्री-स्कूल) बच्चों, किशोरों और गर्भवती महिलाओं के लिए रोगनिरोधक कैल्सियम पूरकता प्रदान की जाती है।
2. इसमें शिशु जन्म के समय देरी से रज्जु बंद करने के लिए अभियान चलाया जाता है।
3. इसमें बच्चों और किशोरों की निर्धारित अवधियों पर कृमि-मुक्ति की जाती है।
4. इसमें मलेरिया, हीमोग्लोबिनोपैथी और फ्लुओरोसिस पर विशेष ध्यान देने के साथ स्थानिक बस्तियों में एनीमिया के गैर-पोषण कारणों की ओर ध्यान दिलाना शामिल है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**53.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऑटोमोबाइल और एयरक्राफ्ट में प्रयुक्त होने वाले अवयवों के विनिर्माण में कार्बन तंतुओं का इस्तेमाल होता है।
2. कार्बन तंतु एक बार प्रयुक्त होने पर पुनर्चक्रित नहीं किए जा सकते।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**54.** निम्नलिखित क्रियाओं पर विचार कीजिए :

1. कार क्रैश/टक्कर का, जिससे एयरबैग लगभग तुरंत फैल जाते हैं, पता लगाना
2. लैपटॉप अचानक धरातल पर गिर पड़ने का, जिससे हार्ड ड्राइव तुरंत बंद हो जाता है, पता लगाना
3. स्मार्टफोन के झुकाव का, जिससे पोर्ट्रेट और लैंडस्केप मोड के बीच प्रदर्शन (डिस्प्ले) घूम जाता है, पता लगाना

उपर्युक्त में से कितनी क्रियाओं में, त्वरणमापी (ऐक्सेलरोमीटर) के प्रकार्य की आवश्यकता है?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* किसी में भी नहीं

51. Consider the following statements in relation to Janani Suraksha Yojana :

1. It is a safe motherhood intervention of the State Health Departments.
2. Its objective is to reduce maternal and neonatal mortality among poor pregnant women.
3. It aims to promote institutional delivery among poor pregnant women.
4. Its objective includes providing public health facilities to sick infants up to one year of age.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

52. Consider the following statements in the context of interventions being undertaken under Anaemia Mukt Bharat Strategy :

1. It provides prophylactic calcium supplementation for pre-school children, adolescents and pregnant women.
2. It runs a campaign for delayed cord clamping at the time of child-birth.
3. It provides for periodic deworming to children and adolescents.
4. It addresses non-nutritional causes of anaemia in endemic pockets with special focus on malaria, hemoglobinopathies and fluorosis.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

53. Consider the following statements :

1. Carbon fibres are used in the manufacture of components used in automobiles and aircrafts.
2. Carbon fibres once used cannot be recycled.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

54. Consider the following actions :

1. Detection of car crash/collision which results in the deployment of airbags almost instantaneously
2. Detection of accidental free fall of a laptop towards the ground which results in the immediate turning off of the hard drive
3. Detection of the tilt of the smart-phone which results in the rotation of display between portrait and landscape mode

In how many of the above actions is the function of accelerometer required?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

55. पुनर्संचरणशील ऐक्वाकल्चर प्रणाली में जैव निस्यंदकों (बायोफिल्टर) की भूमिका के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जैव निस्यंदक, बिना खाए हुए मत्स्य चारे को हटाकर, अपशिष्ट उपचार प्रदान करते हैं।
2. जैव निस्यंदक, मत्स्य अपशिष्ट में विद्यमान अमोनिया को नाइट्रेट में बदल देते हैं।
3. जैव निस्यंदक, जल में मत्स्य के लिए पोषक तत्त्व के रूप में फॉस्फोरस को बढ़ाते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

56. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | अंतरिक्ष में पिंड | | वर्णन |
|---|---|---|---|
| 1. | सेफीड | : | अंतरिक्ष में धूल और गैस के विशाल बादल |
| 2. | नीहारिकाएँ | : | तारे जो आवर्ती रूप से जलते-बुझते हैं |
| 3. | पल्सर | : | न्यूट्रॉन तारे जो तब बनते हैं जब विशाल तारों का ईंधन खत्म हो जाता है और उनका निपात हो जाता है |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

57. निम्नलिखित देशों में से किस एक के पास अपनी उपग्रह मार्गनिर्देशन (नैविगेशन) प्रणाली है?

(a) ऑस्ट्रेलिया

(b) कनाडा

(c) इज़रायल

(d) जापान

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बैलिस्टिक मिसाइल अपनी पूरी उड़ान में अवध्वनिक चाल पर प्रधार-नोदित होती हैं, जबकि क्रूज़ मिसाइल केवल उड़ान के आरंभिक चरण में रॉकेट-संचालित होती हैं।
2. अग्नि-V मध्यम दूरी की पराध्वनिक क्रूज़ मिसाइल है, जबकि ब्रह्मोस ठोस ईंधन-चालित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**55.** With reference to the role of biofilters in Recirculating Aquaculture System, consider the following statements :

1. Biofilters provide waste treatment by removing uneaten fish feed.
2. Biofilters convert ammonia present in fish waste to nitrate.
3. Biofilters increase phosphorus as nutrient for fish in water.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**56.** Consider the following pairs :

| *Objects in space* | | *Description* |
|---|---|---|
| 1. Cepheids | : | Giant clouds of dust and gas in space |
| 2. Nebulae | : | Stars which brighten and dim periodically |
| 3. Pulsars | : | Neutron stars that are formed when massive stars run out of fuel and collapse |

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**57.** Which one of the following countries has its own Satellite Navigation System?

*(a)* Australia

*(b)* Canada

*(c)* Israel

*(d)* Japan

**58.** Consider the following statements :

1. Ballistic missiles are jet-propelled at subsonic speeds throughout their flights, while cruise missiles are rocket-powered only in the initial phase of flight.
2. Agni-V is a medium-range supersonic cruise missile, while BrahMos is a solid-fuelled intercontinental ballistic missile.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

59. पारा प्रदूषण के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्वर्ण खनन गतिविधि विश्व में पारा प्रदूषण का स्रोत है।
2. कोयला-आधारित ऊष्मीय शक्ति संयंत्र (थर्मल पावर प्लांट) से पारा प्रदूषण होता है।
3. पारा के संपर्क में आने का कोई ज्ञात सुरक्षा-स्तर नहीं है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

60. हरित हाइड्रोजन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसे आंतरिक दहन के लिए ईंधन के रूप में सीधे इस्तेमाल किया जा सकता है।
2. इसे प्राकृतिक गैस के साथ मिलाकर ताप या शक्ति जनन के लिए ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
3. इसे वाहन चालन के लिए हाइड्रोजन ईंधन प्रकोष्ठ में इस्तेमाल किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

61. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. बुल्गारिया
2. चेक रिपब्लिक
3. हंगरी
4. लातविया
5. लिथुआनिया
6. रोमानिया

उपर्युक्त में से कितने देशों की सीमाएँ यूक्रेन की सीमा के साथ साझी हैं?

*(a)* केवल दो

*(b)* केवल तीन

*(c)* केवल चार

*(d)* केवल पाँच

62. पृथ्वी के वायुमंडल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* भूमध्यरेखा पर प्राप्त होने वाले सूर्यताप की कुल मात्रा, ध्रुवों पर प्राप्त होने वाले सूर्यताप की कुल मात्रा की लगभग 10 गुनी है।

*(b)* अवरक्त किरणें सूर्यताप के लगभग दो-तिहाई भाग हैं।

*(c)* अवरक्त तरंगें निचले वायुमंडल में संकेंद्रित जलवाष्प द्वारा वृहद् रूप से अवशोषित होती हैं।

*(d)* अवरक्त तरंगें सौर विकिरण की विद्युत्चुम्बकीय तरंगों के दृश्यमान स्पेक्ट्रम के भाग हैं।

**59.** Consider the following statements regarding mercury pollution :

1. Gold mining activity is a source of mercury pollution in the world.
2. Coal-based thermal power plants cause mercury pollution.
3. There is no known safe level of exposure to mercury.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**60.** With reference to green hydrogen, consider the following statements :

1. It can be used directly as a fuel for internal combustion.
2. It can be blended with natural gas and used as fuel for heat or power generation.
3. It can be used in the hydrogen fuel cell to run vehicles.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**61.** Consider the following countries :

1. Bulgaria
2. Czech Republic
3. Hungary
4. Latvia
5. Lithuania
6. Romania

How many of the above-mentioned countries share a land border with Ukraine?

*(a)* Only two

*(b)* Only three

*(c)* Only four

*(d)* Only five

**62.** With reference to the Earth's atmosphere, which one of the following statements is correct?

*(a)* The total amount of insolation received at the equator is roughly about 10 times of that received at the poles.

*(b)* Infrared rays constitute roughly two-thirds of insolation.

*(c)* Infrared waves are largely absorbed by water vapour that is concentrated in the lower atmosphere.

*(d)* Infrared waves are a part of visible spectrum of electromagnetic waves of solar radiation.

**63.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

उष्णकटिबंधीय वर्षावनों की मृदा पोषक तत्त्वों से भरपूर होती है।

कथन–II :

उष्णकटिबंधीय वर्षावनों के उच्च ताप और आर्द्रता के कारण मृदा में विद्यमान मृत जैव पदार्थ का द्रुत अपघटन होता है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**64.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

ग्रीष्म ऋतु में महाद्वीपों और महासागरों के बीच तापमान विपर्यास शीत ऋतु की अपेक्षा अधिक होता है।

कथन–II :

जल की विशिष्ट ऊष्मा, भूपृष्ठ की विशिष्ट ऊष्मा की अपेक्षा अधिक होती है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**65.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भूकम्प-लेखी (सीस्मोग्राफ) में S तरंगों से पूर्व P तरंगें अभिलिखित की जाती हैं।
2. P तरंगों में, अलग-अलग कण तरंग प्रसार की दिशा में आगे-पीछे कंपन करते हैं, जबकि S तरंगों में कण तरंग प्रसार की दिशा के समकोणीय ऊपर-नीचे कंपन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**66.** भारत में कोयला-आधारित तापीय शक्ति संयंत्रों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उनमें से किसी में भी समुद्र जल का उपयोग नहीं होता।
2. उनमें से कोई भी जल-संकट वाले जिले में स्थापित नहीं है।
3. उनमें से कोई भी निजी स्वामित्व में नहीं है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**67.** 'वोलबैचिया पद्धति' का कभी-कभी निम्नलिखित में से किस एक के संदर्भ में उल्लेख होता है?

*(a)* मच्छरों से होने वाले विषाणु रोगों के प्रसार को नियंत्रित करना

*(b)* शेष शस्य (क्रॉप रेज़िड्यु) से संवेष्टन सामग्री (पैकिंग मटीरियल) बनाना

*(c)* जैव निम्नीकरणीय प्लास्टिकों का उत्पादन करना

*(d)* जैव मात्रा के ऊष्मरासायनिक रूपांतरण से बायोचार का उत्पादन करना

**63.** Consider the following statements :

Statement–I :
The soil in tropical rain forests is rich in nutrients.

Statement–II :
The high temperature and moisture of tropical rain forests cause dead organic matter in the soil to decompose quickly.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**64.** Consider the following statements :

Statement–I :
The temperature contrast between continents and oceans is greater during summer than in winter.

Statement–II :
The specific heat of water is more than that of land surface.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**65.** Consider the following statements :

1. In a seismograph, P waves are recorded earlier than S waves.
2. In P waves, the individual particles vibrate to and fro in the direction of wave propagation whereas in S waves, the particles vibrate up and down at right angles to the direction of wave propagation.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**66.** With reference to coal-based thermal power plants in India, consider the following statements :

1. None of them uses seawater.
2. None of them is set up in water-stressed district.
3. None of them is privately owned.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**67.** 'Wolbachia method' is sometimes talked about with reference to which one of the following?

*(a)* Controlling the viral diseases spread by mosquitoes

*(b)* Converting crop residues into packing material

*(c)* Producing biodegradable plastics

*(d)* Producing biochar from thermo-chemical conversion of biomass

**68.** निम्नलिखित गतिविधियों पर विचार कीजिए :

1. बड़े पैमाने पर बारीक पिसी हुई बेसाल्ट शैल खेतों में बिछाना
2. चूना मिलाकर महासागरों की क्षारीयता बढ़ाना
3. विभिन्न उद्योगों द्वारा निर्मुक्त कार्बन डाइऑक्साइड का अभिग्रहण कर उसे कार्बोनेटीकृत जल के रूप में परित्यक्त भूमिगत खानों के अंदर पंप करना

उपर्युक्त गतिविधियों में से कितनी, कार्बन अभिग्रहण और विविक्तीभवन (सिक्वेस्ट्रेशन) के लिए प्रायः विचार और चर्चा में लाई जाती हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**69.** 'एरियल मेटाजिनोमिक्स' निम्नलिखित में से किस एक स्थिति को सबसे सही निर्दिष्ट करता है?

*(a)* किसी पर्यावास में वायु से डी० एन० ए० प्रतिदर्शों को एक बार में एकत्र करना

*(b)* किसी पर्यावास की पक्षी जातियों की आनुवंशिक रचना को समझना

*(c)* गतिशील प्राणियों से रुधिर प्रतिदर्श लेने के लिए वायुवाहित युक्तियों का प्रयोग करना

*(d)* भूमितल और जल निकायों से पादप एवं जंतु प्रतिदर्श एकत्र करने के लिए अगम्य क्षेत्रों में ड्रोन भेजना

**70.** 'माइक्रोसैटेलाइट डी० एन० ए०' निम्नलिखित में से किस एक मामले में प्रयोग किया जाता है?

*(a)* प्राणिजात की विभिन्न जातियों के बीच विकासपरक संबंधों का अध्ययन करना

*(b)* 'स्टेम कोशिकाओं' को विविध प्रकार्यात्मक ऊतकों में रूपांतरित होने के लिए उद्दीप्त करना

*(c)* उद्यान-कृषि के पादपों के क्लोनी प्रसार को संवर्धित करना

*(d)* किसी समष्टि में शृंखलाबद्ध औषध परीक्षण कर औषधों की प्रभावकारिता का आकलन करना

**71.** भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एम० एस० एम० ई० डी०) अधिनियम, 2006' के अनुसार, 'जिनके संयंत्र और मशीनरी में निवेश 15 करोड़ रुपये से 25 करोड़ रुपये के बीच हैं, वे मध्यम उद्यम हैं'।
2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को दिए गए सभी बैंक ऋण प्राथमिकता क्षेत्रक के अधीन अर्ह हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**72.** केन्द्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यू० एस० डॉलर या एस० डब्ल्यू० आइ० एफ० टी० प्रणाली का प्रयोग किए बिना डिजिटल मुद्रा में भुगतान करना संभव है।
2. कोई डिजिटल मुद्रा इसके अंदर प्रोग्रामित प्रतिबंध, जैसे कि इसके व्यय के समय-ढाँचे, के साथ वितरित की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**73.** वित्त के संदर्भ में, शब्द 'बीटा' किसे निर्दिष्ट करता है?

*(a)* अलग-अलग प्लेटफॉर्मों से, साथ-साथ किसी परिसंपत्ति को खरीदने और बेचने की प्रक्रिया

*(b)* किसी पोर्टफोलियो प्रबंधक की, जोखिम और प्रतिफल के बीच संतुलन लाने की, निवेश कार्यनीति

*(c)* एक प्रकार का व्यवस्थागत जोखिम, जो वहाँ उत्पन्न होता है जहाँ पूर्ण प्रतिरक्षा संभव नहीं है

*(d)* एक संख्यात्मक मान, जो पूरे स्टॉक बाजार में होने वाले परिवर्तनों के प्रति किसी स्टॉक के विचलनों को मापता है

**68.** Consider the following activities :

1. Spreading finely ground basalt rock on farmlands extensively
2. Increasing the alkalinity of oceans by adding lime
3. Capturing carbon dioxide released by various industries and pumping it into abandoned subterranean mines in the form of carbonated waters

How many of the above activities are often considered and discussed for carbon capture and sequestration?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**69.** 'Aerial metagenomics' best refers to which one of the following situations?

*(a)* Collecting DNA samples from air in a habitat at one go

*(b)* Understanding the genetic makeup of avian species of a habitat

*(c)* Using air-borne devices to collect blood samples from moving animals

*(d)* Sending drones to inaccessible areas to collect plant and animal samples from land surfaces and water bodies

**70.** 'Microsatellite DNA' is used in the case of which one of the following?

*(a)* Studying the evolutionary relationships among various species of fauna

*(b)* Stimulating 'stem cells' to transform into diverse functional tissues

*(c)* Promoting clonal propagation of horticultural plants

*(d)* Assessing the efficacy of drugs by conducting series of drug trials in a population

**71.** Consider the following statements with reference to India :

1. According to the 'Micro, Small and Medium Enterprises Development (MSMED) Act, 2006', the 'medium enterprises' are those with investments in plant and machinery between ₹ 15 crore and ₹ 25 crore.
2. All bank loans to the Micro, Small and Medium Enterprises qualify under the priority sector.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**72.** With reference to Central Bank digital currencies, consider the following statements :

1. It is possible to make payments in a digital currency without using US dollar or SWIFT system.
2. A digital currency can be distributed with a condition programmed into it such as a time-frame for spending it.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**73.** In the context of finance, the term 'beta' refers to

*(a)* the process of simultaneous buying and selling of an asset from different platforms

*(b)* an investment strategy of a portfolio manager to balance risk versus reward

*(c)* a type of systemic risk that arises where perfect hedging is not possible

*(d)* a numeric value that measures the fluctuations of a stock to changes in the overall stock market

74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. स्वयं-सहायता समूह [सेल्फ-हेल्प ग्रुप (एस० एच० जी०)] कार्यक्रम मूलतः भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वित्तीय रूप से वंचितों को लघु ऋण प्रदान कर प्रारंभ किया गया था।
2. किसी एस० एच० जी० में, समूह के सभी सदस्य उस ऋण के लिए उत्तरदायित्व लेते हैं, जो ऋण कोई अकेला सदस्य लेता है।
3. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक एस० एच० जी० को समर्थन देते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

75. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

भारत की सार्वजनिक क्षेत्रक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली सीमित निरोधक, वर्धक और पुनःस्थापक देखभाल के साथ मुख्यतः रोगनाशक व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करती है।

कथन–II :

भारत के स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के विकेन्द्रीकृत उपागम के अंतर्गत, राज्य प्राथमिक रूप से स्वास्थ्य सेवाओं को जुटाने के लिए उत्तरदायी हैं।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

संयुक्त राष्ट्रसंघ की 'विश्व जल विकास रिपोर्ट, 2022' के अनुसार, भारत प्रतिवर्ष विश्व के भौम जल के एक-चौथाई से अधिक जल का निष्कर्षण करता है।

कथन–II :

भारत को अपने राज्यक्षेत्र में रहने वाली विश्व की लगभग 18% जनसंख्या के पेय जल और स्वच्छता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष विश्व के भौम जल के एक-चौथाई से अधिक जल का निष्कर्षण करने की जरूरत है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान के अनुसार, केन्द्र सरकार का यह एक दायित्व है कि वह राज्यों को आंतरिक विक्षोभों से बचाए।
2. भारत का संविधान राज्यों को, निवारक निरोध में रखे जा रहे किसी व्यक्ति को विधिक काउंसेल उपलब्ध कराने से छूट प्रदान करता है।
3. आतंकवाद निवारण अधिनियम, 2002 के अनुसार, पुलिस के समक्ष अभियुक्त की संस्वीकृति को साक्ष्य के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**74.** Consider the following statements :

1. The Self-Help Group (SHG) programme was originally initiated by the State Bank of India by providing microcredit to the financially deprived.
2. In an SHG, all members of a group take responsibility for a loan that an individual member takes.
3. The Regional Rural Banks and Scheduled Commercial Banks support SHGs.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**75.** Consider the following statements :

Statement–I :

India's public sector health care system largely focuses on curative care with limited preventive, promotive and rehabilitative care.

Statement–II :

Under India's decentralized approach to health care delivery, the States are primarily responsible for organizing health services.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**76.** Consider the following statements :

Statement–I :

According to the United Nations' 'World Water Development Report, 2022', India extracts more than a quarter of the world's groundwater withdrawal each year.

Statement–II :

India needs to extract more than a quarter of the world's groundwater each year to satisfy the drinking water and sanitation needs of almost 18% of world's population living in its territory.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**77.** Consider the following statements :

1. According to the Constitution of India, the Central Government has a duty to protect States from internal disturbances.
2. The Constitution of India exempts the States from providing legal counsel to a person being held for preventive detention.
3. According to the Prevention of Terrorism Act, 2002, confession of the accused before the police cannot be used as evidence.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश, दशकों से गृहकलह और खाद्य संकट से त्रस्त रहा है तथा हाल के पिछले दिनों में अति गंभीर दुर्भिक्ष के लिए समाचारों में था?

(a) अंगोला

(b) कोस्ता रीका

(c) इक्वाडोर

(d) सोमालिया

**79.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ नागोया प्रोटोकॉल के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए प्रमुख कुंजी हैं।

2. जैव विविधता प्रबंधन समितियों के, अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत, जैविक संसाधनों तक पहुँच के लिए संग्रह शुल्क लगाने की शक्ति सहित, पहुँच और लाभ सहभागिता निर्धारित करने के लिए, महत्त्वपूर्ण प्रकार्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**80.** भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संसद के दोनों में से किसी भी सदन या राज्यों की विधान-सभाओं में नामनिर्दिष्ट किए गए सदस्य निर्वाचकमंडल में शामिल किए जाने के लिए भी अर्ह हैं।

2. निर्वाच्य विधान-सभा सीटें जितनी अधिक होती हैं, उस राज्य के प्रत्येक एम० एल० ए० के वोट का मान भी उतना ही अधिक होता है।

3. मध्य प्रदेश के प्रत्येक एम० एल० ए० के वोट का मान, केरल के प्रत्येक एम० एल० ए० के वोट के मान से अधिक है।

4. पुदुच्चेरी के प्रत्येक एम० एल० ए० के वोट का मान, अरुणाचल प्रदेश के प्रत्येक एम० एल० ए० के वोट के मान से अधिक है, क्योंकि अरुणाचल प्रदेश की तुलना में पुदुच्चेरी में कुल जनसंख्या का निर्वाच्य सीटों की कुल संख्या से अनुपात अधिक है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

**78.** Which one of the following countries has been suffering from decades of civil strife and food shortages and was in news in the recent past for its very severe famine?

*(a)* Angola

*(b)* Costa Rica

*(c)* Ecuador

*(d)* Somalia

**79.** Consider the following statements :

1. In India, the Biodiversity Management Committees are key to the realization of the objectives of the Nagoya Protocol.

2. The Biodiversity Management Committees have important functions in determining access and benefit sharing, including the power to levy collection fees on the access of biological resources within its jurisdiction.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**80.** Consider the following statements in respect of election to the President of India :

1. The members nominated to either House of the Parliament or the Legislative Assemblies of States are also eligible to be included in the Electoral College.

2. Higher the number of elective Assembly seats, higher is the value of vote of each MLA of that State.

3. The value of vote of each MLA of Madhya Pradesh is greater than that of Kerala.

4. The value of vote of each MLA of Puducherry is higher than that of Arunachal Pradesh because the ratio of total population to total number of elective seats in Puducherry is greater as compared to Arunachal Pradesh.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**81.** भारतीय इतिहास के संदर्भ में, अलेक्जेंडर री, ए० एच० लॉन्गहर्स्ट, रॉबर्ट स्वेल, जेम्स बर्गेस और वाल्टर इलियट किस गतिविधि से जुड़े थे?

(a) पुरातात्त्विक उत्खनन

(b) औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजी प्रेस की स्थापना

(c) देशी रजवाड़ों में गिरजाघरों की स्थापना

(d) औपनिवेशिक भारत में रेल का निर्माण

**82.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | स्थल | | जिसके लिए जाना जाता है |
|---|---|---|---|
| 1. | बेसनगर | : | शैव गुफा मंदिर |
| 2. | भाजा | : | बौद्ध गुफा मंदिर |
| 3. | सित्तनवासल | : | जैन गुफा मंदिर |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

**83.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

कथन–II :

1905 में, इसी दिन स्वदेशी आंदोलन शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

(b) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

(d) कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**84.** भारत की ध्वज-संहिता, 2002 के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

भारत के राष्ट्रीय ध्वज का एक मानक आमाप 600 मि० मी० × 400 मि० मी० है।

कथन–II :

ध्वज की लंबाई से ऊँचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3 : 2 होगा।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

(b) कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

(d) कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**81.** With reference to the Indian History, Alexander Rea, A. H. Longhurst, Robert Sewell, James Burgess and Walter Elliot were associated with

*(a)* archaeological excavations

*(b)* establishment of English Press in Colonial India

*(c)* establishment of Churches in Princely States

*(d)* construction of railways in Colonial India

**82.** Consider the following pairs :

| *Site* | | *Well known for* |
|---|---|---|
| 1. Besnagar | : | Shaivite cave shrine |
| 2. Bhaja | : | Buddhist cave shrine |
| 3. Sittanavasal | : | Jain cave shrine |

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**83.** Consider the following statements :

Statement–I :
7th August is declared as the National Handloom Day.

Statement–II :
It was in 1905 that the Swadeshi Movement was launched on the same day.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**84.** Consider the following statements in respect of the National Flag of India according to the Flag Code of India, 2002 :

Statement–I :
One of the standard sizes of the National Flag of India is 600 mm × 400 mm.

Statement–II :
The ratio of the length to the height (width) of the Flag shall be 3 : 2.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**85.** संविधान दिवस के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

नागरिकों के बीच सांविधानिक मूल्यों को संवर्धित करने के लिए संविधान दिवस प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है।

कथन–II :

26 नवंबर, 1949 को, भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ० बी० आर० अम्बेडकर की अध्यक्षता में एक प्रारूपण समिति बनाई।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**86.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

स्विट्ज़रलैंड, मूल्य के आधार पर, स्वर्ण के अग्रणी निर्यातकों में से एक है।

कथन–II :

स्विट्ज़रलैंड के पास विश्व का दूसरा विशालतम स्वर्ण निचय (रिज़र्व) है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**87.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

हाल ही में, संयुक्त राज्य अमरीका (यू० एस० ए०) और यूरोपीय संघ (ई० यू०) ने 'व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद्' प्रारंभ की है।

कथन–II :

संयुक्त राज्य अमरीका और यूरोपीय संघ यह दावा करते हैं कि वे इसके माध्यम से तकनीकी प्रगति और भौतिक उत्पादकता को अपने नियंत्रण में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**88.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

वस्तुओं के वैश्विक निर्यात में भारत का निर्यात 3·2% है।

कथन–II :

भारत में कार्यरत अनेक स्थानीय कंपनियों एवं भारत में कार्यरत कुछ विदेशी कंपनियों ने भारत की 'उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव)' योजना का लाभ उठाया है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**85.** Consider the following statements in respect of the Constitution Day :

Statement–I :

The Constitution Day is celebrated on 26th November every year to promote constitutional values among citizens.

Statement–II :

On 26th November, 1949, the Constituent Assembly of India set up a Drafting Committee under the Chairmanship of Dr. B. R. Ambedkar to prepare a Draft Constitution of India.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**86.** Consider the following statements :

Statement–I :

Switzerland is one of the leading exporters of gold in terms of value.

Statement–II :

Switzerland has the second largest gold reserves in the world.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**87.** Consider the following statements :

Statement–I :

Recently, the United States of America (USA) and the European Union (EU) have launched the 'Trade and Technology Council'.

Statement–II :

The USA and the EU claim that through this they are trying to bring technological progress and physical productivity under their control.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**88.** Consider the following statements :

Statement–I :

India accounts for 3·2% of global export of goods.

Statement–II :

Many local companies and some foreign companies operating in India have taken advantage of India's 'Production-linked Incentive' scheme.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**89.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

यूरोपीय संघ का 'स्थिरता एवं संवृद्धि समझौता (स्टेबिलिटी ऐंड ग्रोथ पैक्ट)' ऐसी संधि है, जो

1. यूरोपीय संघ के देशों के बजटीय घाटे के स्तर को सीमित करती है
2. यूरोपीय संघ के देशों के लिए अपनी आधारिक संरचना सुविधाओं को आपस में बाँटना सुकर बनाती है
3. यूरोपीय संघ के देशों के लिए अपनी प्रौद्योगिकियों को आपस में बाँटना सुकर बनाती है

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**90.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र के सभी देशों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के लिए अभी तक की पहली संविदा, 'सुरक्षित, व्यवस्थित और नियमित प्रवास के लिए वैश्विक संविदा [ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर सेफ, ऑर्डरली ऐंड रेगुलर माइग्रेशन (जी० सी० एम०)]' अपनाई है।
2. जी० सी० एम० में अधिकथित उद्देश्य और प्रतिबद्धताएँ यू० एन० सदस्य देशों पर बाध्यकर हैं।
3. जी० सी० एम० अपने उद्देश्यों और प्रतिबद्धताओं के अंतर्गत आंतरिक प्रवास या आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए भी कार्य करती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**91.** होम गार्ड के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. होम गार्ड को होम गार्ड अधिनियम और केन्द्र सरकार के नियमों के अधीन समुत्थापित किया जाता है।
2. होम गार्ड की भूमिका आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस को सहायक बल के रूप में सेवा देने की है।
3. अंतर्राष्ट्रीय सीमा/तटीय क्षेत्रों में घुसपैठ रोकने के लिए कुछ राज्यों में सीमा विंग होम गार्ड बटालियनें समुत्थापित की गई हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**92.** भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | कृत्य | | यह कृत्य जिस अधिनियम के अधीन आता है |
|---|---|---|---|
| 1. | अनधिकृत रूप से पुलिस या सेना की वर्दी को पहनना | : | शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 |
| 2. | किसी पुलिस अधिकारी या सैनिक अधिकारी के ड्यूटी में तैनात होने के दौरान जान-बूझ कर उन्हें गुमराह करना या अन्यथा उनके साथ हस्तक्षेप करना | : | भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 |
| 3. | बंदूक/तोप से अनुष्ठानपरक गोली/गोला दागना जिससे अन्य लोगों की वैयक्तिक सुरक्षा के लिए जोखिम हो सकता हो | : | आयुध (संशोधन) अधिनियम, 2019 |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**89.** Consider the following statements :

The 'Stability and Growth Pact' of the European Union is a treaty that

1. limits the levels of the budgetary deficit of the countries of the European Union
2. makes the countries of the European Union to share their infrastructure facilities
3. enables the countries of the European Union to share their technologies

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**90.** Consider the following statements :

1. Recently, all the countries of the United Nations have adopted the first-ever compact for international migration, the 'Global Compact for Safe, Orderly and Regular Migration (GCM)'.
2. The objectives and commitments stated in the GCM are binding on the UN member countries.
3. The GCM addresses internal migration or internally displaced people also in its objectives and commitments.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**91.** With reference to Home Guards, consider the following statements :

1. Home Guards are raised under the Home Guards Act and Rules of the Central Government.
2. The role of the Home Guards is to serve as an auxiliary force to the police in maintenance of internal security.
3. To prevent infiltration on the international border/coastal areas, the Border Wing Home Guards Battalions have been raised in some States.

How many of the above statements are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**92.** With reference to India, consider the following pairs :

| *Action* | | *The Act under which it is covered* |
|---|---|---|
| 1. Unauthorized wearing of police or military uniforms | : | The Official Secrets Act, 1923 |
| 2. Knowingly misleading or otherwise interfering with a police officer or military officer when engaged in their duties | : | The Indian Evidence Act, 1872 |
| 3. Celebratory gunfire which can endanger the personal safety of others | : | The Arms (Amendment) Act, 2019 |

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**93.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| **प्रायः समाचारों में उल्लिखित होने वाले क्षेत्र** | | **समाचारों में होने का कारण** |
|---|---|---|
| 1. उत्तरी किवू और इटुरी | : | आर्मीनिया और अज़रबैजान के बीच युद्ध |
| 2. नागोर्नो-कारबाख़ | : | मोज़ाम्बीक में उपप्लव |
| 3. खेरसॉन और जपोरिज़िया | : | इज़राइल और लेबनान के बीच विवाद |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन–I :

इज़राइल ने कुछ अरब राज्यों के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए हैं।

कथन–II :

'अरब शांति पहल' सऊदी अरब की मध्यस्थता से इज़राइल और अरब लीग के बीच हस्ताक्षरित हुआ।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या है

*(b)* कथन–I और कथन–II दोनों सही हैं तथा कथन–II, कथन–I की सही व्याख्या नहीं है

*(c)* कथन–I सही है किन्तु कथन–II गलत है

*(d)* कथन–I गलत है किन्तु कथन–II सही है

**95.** खेल पुरस्कारों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार | : | किसी खिलाड़ी द्वारा पिछले चार वर्षों की अवधि के दौरान सबसे शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए |
| 2. अर्जुन पुरस्कार | : | किसी खिलाड़ी द्वारा जीवन-काल की उपलब्धियों के लिए |
| 3. द्रोणाचार्य पुरस्कार | : | उन प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों को सम्मानित करने के लिए जिन्होंने सफलतापूर्वक खिलाड़ियों या टीमों को प्रशिक्षित किया है |
| 4. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार | : | खिलाड़ियों द्वारा रिटायर होने के बाद भी किए गए योगदान की सराहना करने के लिए |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**96.** 44वें शतरंज ओलिम्पियाड, 2022 के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह पहली बार था, जब शतरंज ओलिम्पियाड भारत में आयोजित किया गया।
2. इसके अधिकृत शुभंकर को 'तंबि' नाम दिया गया था।
3. ओपेन सेक्शन में जीतने वाली टीम के लिए ट्रॉफी, वेरा मेंचिक कप होती है।
4. महिला विभाग (सेक्शन) में जीतने वाली टीम के लिए ट्रॉफी, हैमिल्टन-रसेल कप होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* केवल तीन

*(d)* सभी चार

**93.** Consider the following pairs :

| *Regions often mentioned in news* | | *Reason for being in news* |
|---|---|---|
| 1. North Kivu and Ituri | : | War between Armenia and Azerbaijan |
| 2. Nagorno-Karabakh | : | Insurgency in Mozambique |
| 3. Kherson and Zaporizhzhia | : | Dispute between Israel and Lebanon |

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**94.** Consider the following statements :

Statement–I :

Israel has established diplomatic relations with some Arab States.

Statement–II :

The 'Arab Peace Initiative' mediated by Saudi Arabia was signed by Israel and Arab League.

Which one of the following is correct in respect of the above statements?

*(a)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is the correct explanation for Statement–I

*(b)* Both Statement–I and Statement–II are correct and Statement–II is not the correct explanation for Statement–I

*(c)* Statement–I is correct but Statement–II is incorrect

*(d)* Statement–I is incorrect but Statement–II is correct

**95.** Consider the following pairs with regard to sports awards :

| | | |
|---|---|---|
| 1. Major Dhyan Chand Khel Ratna Award | : | For the most spectacular and outstanding performance by a sportsperson over period of last four years |
| 2. Arjuna Award | : | For the lifetime achievement by a sportsperson |
| 3. Dronacharya Award | : | To honour eminent coaches who have successfully trained sportspersons or teams |
| 4. Rashtriya Khel Protsahan Puraskar | : | To recognize the contribution made by sportspersons even after their retirement |

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**96.** Consider the following statements in respect of the 44th Chess Olympiad, 2022 :

1. It was the first time that Chess Olympiad was held in India.
2. The official mascot was named 'Thambi'.
3. The trophy for the winning team in the open section is the Vera Menchik Cup.
4. The trophy for the winning team in the women's section is the Hamilton-Russell Cup.

How many of the statements given above are correct?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* Only three

*(d)* All four

**97.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| **समाचारों में उल्लिखित संघर्ष का क्षेत्र** | | **जिस देश में अवस्थित है** |
|---|---|---|
| 1. | डोनबास | : सीरिया |
| 2. | काचिन | : इथियोपिया |
| 3. | टिग्रे | : उत्तरी यमन |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**98.** हाल के वर्षों में, चाड, गिनी, माली और सूडान ने निम्नलिखित में से किस एक कारण से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया, जो इन सभी देशों से संबंधित है?

*(a)* दुर्लभ मृदा तत्त्वों से समृद्ध निक्षेपों की खोज

*(b)* चीनी सैन्य बेस का स्थापित होना

*(c)* सहारा मरुस्थल का दक्षिणाभिमुखी प्रसार

*(d)* सफल तख्ता-पलट

**99.** निम्नलिखित भारी उद्योगों पर विचार कीजिए :

1. उर्वरक संयंत्र
2. तेलशोधक कारखाने
3. इस्पात संयंत्र

उपर्युक्त में से कितने उद्योगों के विकार्बनन में हरित हाइड्रोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका होने की अपेक्षा है?

*(a)* केवल एक

*(b)* केवल दो

*(c)* सभी तीन

*(d)* कोई भी नहीं

**100.** G-20 के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. G-20 समूह की मूल रूप से स्थापना वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा के मंच के रूप में की गई थी।
2. डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा भारत की G-20 प्राथमिकताओं में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**97.** Consider the following pairs :

| | *Area of conflict mentioned in news* | | *Country where it is located* |
|---|---|---|---|
| 1. | Donbas | : | Syria |
| 2. | Kachin | : | Ethiopia |
| 3. | Tigray | : | North Yemen |

How many of the above pairs are correctly matched?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**98.** In the recent years Chad, Guinea, Mali and Sudan caught the international attention for which one of the following reasons common to all of them?

*(a)* Discovery of rich deposits of rare earth elements

*(b)* Establishment of Chinese military bases

*(c)* Southward expansion of Sahara Desert

*(d)* Successful coups

**99.** Consider the following heavy industries :

1. Fertilizer plants
2. Oil refineries
3. Steel plants

Green hydrogen is expected to play a significant role in decarbonizing how many of the above industries?

*(a)* Only one

*(b)* Only two

*(c)* All three

*(d)* None

**100.** Consider the following statements about G-20 :

1. The G-20 group was originally established as a platform for the Finance Ministers and Central Bank Governors to discuss the international economic and financial issues.
2. Digital public infrastructure is one of India's G-20 priorities.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

## SPACE FOR ROUGH WORK

**SPACE FOR ROUGH WORK**

SPACE FOR ROUGH WORK

**SPACE FOR ROUGH WORK**

★★★

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : XDTG–F–GST** **Test Booklet Series**

**Serial No.**

# TEST BOOKLET

1952941 **GENERAL STUDIES**

**Paper—I**

**A**

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. *All* items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take this Test Booklet with you.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer is given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है।